# कार्यालय आयुक्त
# आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
## ब्लॉक 4 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

website - eklavya.cg.nic.in ☎ - 2263708 Fax - 2262558 E mail - eklavya.ctd@gmail.com

क्रमांक / EMRS / K-39 / 2026–27 / 380430 नवा रायपुर, दिनांक 23 / 06 / 2026

**शिक्षण सत्र 2026–27 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा–6वीं प्रवेश के लिये काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची एवं ऑनलाईन काउंसलिंग की तिथि जारी किये जाने की सूचना**

–––000–––

शिक्षण सत्र 2026–27 में प्रदेश में संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा–6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित किया जा चुका है। कक्षा–6वीं प्रवेश की अंतिम प्रक्रिया के तहत काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यार्थियों की सूची, ऑनलाईन काउंसलिंग की तिथि, काउंसलिंग केन्द्र इत्यादि का विस्तृत विवरण वेब पोर्टल https://eklavya.cg.nic.in पर उपलब्ध है।

कक्षा 6वीं प्रवेश के लिये काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं काउंसलिंग हेतु निम्नानुसार तिथियाँ निर्धारित की गई हैं :–

| **क्रं.** | **काउंसलिंग हेतु स्तर** | **ऑनलाईन काउंसलिंग की तिथि** | **काउंसलिंग का स्थान** | **रिमार्क** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
| 1 | विकासखंड स्तर | दिनांक 30.06.2026 एवं 01.07.2026 | जिलें में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय | |
| 2 | जिला स्तर | 02.07.2026 | | |
| 3 | राज्य स्तर | 03.07.2026 | जिलें में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं **जिला–बिलासपुर हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय** | |
| 4 | विशेष पिछड़ी जनजाति समूह एवं प्रवेश दिशा–निर्देश में दर्शित विशेष आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों हेतु | 04.07.2026 | जिलें में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय | |
| 5 | आरक्षित दिवस (Reserve day) | 06.07.2026 | | वह अभ्यार्थी, जो दिनांक 30.06.26 से दिनांक 04.07.2026 तक की अवधि में काउंसलिंग में किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाये है। |

तद्नुसार कक्षा–6वीं में प्रवेश के लिये काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वेब पोर्टल https://eklavya.cg.nic.in का अवलोकन कर ऑनलाईन काउंसलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु कक्षा 5वीं की मूल अंकसूची (मार्कशीट), मूल निवास प्रमाण पत्र, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, विशेष श्रेणी के अभ्यर्थी होने पर उक्त श्रेणी के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र इत्यादि के साथ काउंसलिंग केन्द्र में निर्धारित तिथि को उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा–6वीं प्रवेश हेतु काउंसलिंग से संबंधित समस्त प्रकार की सूचना वेबसाईट पर प्रदर्शित की जावेगी अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in का अवलोकन करते रहें।

Digitally signed by
K.Vishwanath Reddy
Date: 23-06-2026
15:51:19

**उपायुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ, नवा रायपुर अटल नगर